देश का पहला ऑल एज ऑल वेदर रनिंग ट्रैक

चर्चा में क्यों?

2 जनवरी, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय सेना उत्तराखंड के देहरादून के गढ़ी कैंट क्षेत्र जसवंत सिंह ग्राउंड (महिंद्रा ग्राउंड) में देश का पहला ऑल एज ऑल वेदर रनिंग ट्रैक बनवा रही है, जिसका उद्घाटन 14 जनवरी को देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह करेंगे।

प्रमुख बिंदु

- उत्तराखंड सब एरिया से मिली जानकारी के अनुसार इस ट्रैक के निर्माण में सिर्फ और सिर्फ प्लास्टिक वेस्ट मैटेरियल का इस्तेमाल किया जा रहा है। रनिंग ट्रैक का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।
- रनिंग ट्रैक को आधुनिक तरीके से बनाया जा रहा है ताकि सभी आयु के लोग आसानी से गर्मी, सर्दी और बरसात में इसका इस्तेमाल कर सकें। इसका सबसे ज्यादा फायदा युवाओं को होगा। बरसात में अक्सर बारिश के चलते वे अभ्यास नहीं कर पाते। अब इस ट्रैक पर वे रोजाना अभ्यास कर सकेंगे।
- देहरादून के जसवंत सिंह ग्राउंड में मैराथन के साथ ही अन्य आयोजन भी होंगे। ट्रैक के किनारे डिस्प्ले लगाने की योजना है ताकि दौड़ते समय पता चल सके कि कितनी दौड़ लगा ली है। डिस्प्ले के माध्यम से युवाओं को जागरूक करने का भी प्रयास किया जाएगा ताकि वे अच्छी दौड़ कर सकें। ग्राउंड में चारों तरफ से सोलर लाइट लगाने की भी योजना है।
- रनिंग ट्रैक के अलावा रक्षामंत्री राज्य के पहले वार मेमोरियल का भी उद्घाटन करेंगे, जिसका निर्माण कैंट क्षेत्र चीड़बाग में हो रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/country-s-first-all-age-all-weather-running-track